## जुलाई-अगस्त में होंगे शॉर्ट टर्म कोर्स

# आईआईएम रायपुर ने शुरू किए मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम

**रायपुर@ पत्रिका.** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर ने जुलाई और अगस्त 2025 के लिए दो नए प्रबंधन विकास कार्यक्रम लॉन्च किए हैं। ये कार्यक्रम विशेष रूप से मध्य और वरिष्ठ स्तर के पेशेवरों, विभाग प्रमुखों और टीम लीडरों के लिए तैयार किए गए हैं, जो प्रबंधन और नेतृत्व में अपनी दक्षता बढ़ाना चाहते हैं। कार्यक्रम का आयोजन 12 जुलाई से 1 सितंबर 2025 तक किया जाएगा। पाठ्यक्रम में मानव संसाधन, संगठनात्मक व्यवहार, सूचना प्रणाली, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेतृत्व कौशल जैसे विषय शामिल हैं। आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने कहा, हम सिर्फ लेक्चर नहीं देते, हम सोचने की प्रयोगशाला तैयार करते हैं। हमारा उद्देश्य ऐसे लीडर तैयार करना है जो बदलाव को दिशा दे सकें। प्रख्यात फैकल्टी द्वारा संचालित इन कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को लाइव केस स्टडी, इंटरऐक्टिव सत्र और प्रैक्टिकल अनुभव के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा।

Patrika (Zoom p. 04) 10th July 2025